# कब दर्शन देंगे राम परम हितकारी लिरिक्स

कब दर्शन देंगे,
राम परम हितकारी।

दोहा – भीलनी परम तपस्विनी,
शबरी जाको नाम,
गुरु मतंग कह कर गए,
तोहे मिलेंगे राम।

---

कब दर्शन देंगे,
राम परम हितकारी,
कब दर्शन देंगें,
राम दीन हितकारी,
रस्ता देखत शबरी की,
उमर गई सारी,
रस्ता देखत शबरी की,
उमर गई सारी।bd।

देखे – राम मेरे घर आना।

---

कही कोई कांटा,
प्रभु को नहीं चुभ जाए,
पलकन मग झारे,
चुन चुन पुष्प बिछाए,
मीठे फल चखकर,
मीठे फल चखकर,
नित्य सजाएं थारी,
रस्ता देखत शबरी की,
उमर गई सारी,
रस्ता देखत शबरी की,
उमर गई सारी।bd।

---

श्री राम चरण में,
प्राण बसे शबरी के,
प्रभु दर्शन दे तो,
भाग जगे शबरी के,
रघुनाथ प्राणनिधि,
रघुनाथ प्राणनिधि,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

पर जीवन बलिहारी,
रस्ता देखत शबरी की,
उमर गई सारी,
रस्ता देखत शबरी की,
उमर गई सारी।**bd**।

---

कब दर्शन देंगें,
राम परम हितकारी,
कब दर्शन देंगें,
राम दीन हितकारी,
रस्ता देखत शबरी की,
उमर गई सारी,
रस्ता देखत शबरी की,
उमर गई सारी।**bd**।

स्वर – अनुराधा जी पौडवाल।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com